# विश्व मानवाधिकार दिवस पर अवार्ड

10 दिसम्बर 2009 को पिंक सिटी जयपुर के प्रसिद्ध बिड़ला ऑडिटोरियम में मानवाधिकारों की सही पहचान के लिए दिन में सम्मेलन और रात्रि में अवार्ड (पुरस्कार) वितरण का उच्च स्तरीय आयोजन किया गया था। प्रात: 10 बजे आल इण्डिया ह्यूमन राइट्स असोसिएशन (All India Human Rights Association) के अध्यक्ष भ्राता एम. यू. दुआ जी द्वारा स्वागत सत्र का शुभारम्भ हुआ। राजस्थान मानवाधिकार के अध्यक्ष व आसाम उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश माननीय एस. एन. भार्गव जी द्वारा विश्व बन्धुत्व पर बल देते हुए सम्मेलन का शुभारम्भ हुआ। साथ ही राजस्थान के पूर्व गवर्नर व मुख्य न्यायाधीश महामहिम टेकड़ीवाल जी ने विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका व मीडिया की विस्तृत व्याख्या देते हुए चारों स्तम्भों को मानवाधिकारों के लिए उपयुक्त बनाने की योजना बतायी। राजस्थान के भूतपूर्व गवर्नर महामहिम अंशुमानसिंह जी, जयपुर नगर निगम की वर्तमान चेयरमेन बहन ज्योति खंडेलवाल, उपचेयरमेन साहब, चेन्नई से पधारे रामानुजाचार्य मिशन, ट्रस्ट के संस्थापक ए.पी.वी. चतुर्वेदी जी ने अपने उन्नत विचारों से श्रोताओं को बहुत सुन्दर जानकारियाँ दी। अमृतसर तथा झुंझुनु से आये हुए पुलिस अधिक्षकों तथा कई फिल्म सितारों ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

दोपहर बाद ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के मुख्यालय से पधारी हुई विश्व शान्ति की अग्रदूत राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शीलू बहनजी ने 'शान्ति और विकास' (Peace & Development) पर उद्‌गार व्यक्त करते हुए श्रोताओं का मन मंत्रमुग्ध कर दिया। व्याख्यान के बाद कुछ मिनटों के लिए उन्होंने पूरी सभा को आन्तरिक शान्ति का भी अनुभव कराया। यह सभी श्रोताओं के लिए यादगार क्षण बन गया। जोरदार तालियों की गड़गड़ाहट से सभी ने उनका बार-बार स्वागत किया। आयोजन के मुख्य कार्यकर्ता भ्राता मोदी जी तथा अध्यक्ष दुआ जी ने गुलदस्ते और शॉल के द्वारा उनका स्वागत किया। लन्दन से आयी हुई ब्रह्माकुमारी मोनिका बहन ने समाज सेवा तथा शिक्षा में अपने योगदान का अनुभव सुनाया।

आल इण्डिया ह्यूमन राइट्स असोसिएशन; संयुक्त राष्ट्र संघ के सहयोग द्वारा 1987 से देश सेवा में तल्लीन है। यह लोगों के विकास और न्याय के लिए केवल चिन्तित ही नहीं रहता वरन् सभी क्षेत्रों में अपनी बहुमूल्य सेवायें भी प्रदान करता रहता है। इसके संस्थापक और अध्यक्ष भ्राता एम. यू. दुआ जी के संरक्षण में यह नि:शुल्क कानूनी सहायता भी प्रदान करता है। सायंकाल जयपुर बिड़ला ऑडिटोरियम के 'अवार्ड नाइट' के आयोजन में 30 से भी अधिक विशिष्ट व्यक्तियों के साथ-साथ ब्रह्माकुमारीज़ के अन्तर्राष्ट्रीय मुख्यालय की राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शीलू बहन, ब्रह्माकुमार रामलखन भाई तथा लन्दन की ब्रह्माकुमारी मोनिका बहन को जयपुर नगर निगम की चेयरमेन बहन ज्योति खण्डेलवाल व एम.यू. दुआ जी ने गुलदस्ते और शॉल के द्वारा स्वागत करते हुए अपना विशिष्ट अवार्ड प्रदान किया। ब्रह्माकुमारी शीलू बहन मुख्यालय में राजयोग शिविरों की निर्देशिका और शिक्षा प्रभाग की मुख्यालय संयोजिका हैं। कई टी.वी. चैनलों पर इनके आध्यात्मिक प्रवचन प्रसारित होते रहते हैं। पूरे भारत के साथ करीब 70 देशों में जाकर इन्होंने ईश्वरीय सेवाओं के विस्तार में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। फ्री लांसर ब्रह्माकुमार रामलखन भाई के 100 से भी अधिक पत्र-पत्रिकाओं में फीचर आर्टिकल प्रकाशित हो चुके हैं जिससे लाखों आत्माओं में आध्यात्मिक जागृति आयी है। ब्रह्माकुमारी मोनिका लन्दन में समाज सेवा के साथ शिक्षा में नयी दिशा के लिए काम करती रहती है। उनका भी प्रशस्ति प्रत्र, अवार्ड और शॉल के द्वारा सम्मान किया गया। उनके आगमन से सम्मेलन ने अन्तर्राष्ट्रिय रूप धारण कर लिया।